

सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनी रहेंगी - कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में फैसला


# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:27 अंक: 91 दिनांक: 14-03-2022 सोमवार मूल्य : 100 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M




उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का पूरा फोकस 2024 के लोकसभा चुनाव पर भी होगा। उत्तर प्रदेश के 80 सांसद देश की सरकार की दिशा तथा दशा तय करते हैं।

## सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनी रहेंगी - कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में फैसला

नई दिल्ली (ईएमएस)। उत्तरप्रदेश समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक करीब चार घंटे तक चली। सूत्रों का कहना है कि इस मैराथन बैठक के बाद फैसला किया गया है कि सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनी रहेंगी। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल हुई थीं। वहीं असंतुष्ट धड़े जी-23 के नेता गुलाम नबी आजाद आदि भी बैठक में पहुंचे थे। सोनिया गांधी के नेतृत्व में सीडब्ल्यूसी ने भरोसा जताया है। उनसे संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। नेतृत्व के प्रति भरोसा जताते हुए प्रस्ताव पारित किया गया है और संगठनात्मक बदलावों को आगे ले जाने का निर्णय लिया गया। सूत्रों की ओर से यह भी कहा गया है कि कांग्रेस दोबारा से चिंतन शिविर आयोजित करेगी। इसकी तारीखों को लेकर जल्द निर्णय किया जाएगा। कांग्रेस का आखिरी चिंतन शिविर 2013 में जयपुर में आयोजित किया गया था।

केसी वेणुगोपाल ने कहा, कांग्रेस की बैठक चुनाव नतीजों को लेकर हुई। वरिष्ठ नेताओं ने परिणामों ने गंभीरता से विचार किया। बैठक में सोनिया गांधी के नेतृत्व पर फिर से भरोसा जताया गया। वरिष्ठ नेताओं के साथ संसद का सत्र खत्म होने के बाद चिंतन शिविर होगा। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सभी नेताओं ने विचार रखे। कमियों पर खुलकर चर्चा हुई। कार्यसमिति ने नतीजों को कांग्रेस के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया। पंजाब में सत्ता विरोधी लहर का पार्टी सामना नहीं कर सकी। कांग्रेस विधानसभा चुनाव के जनमत को स्वीकार करती है। पार्टी जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाएगी। सोनिया गांधी से अनुरोध किया गया कि वह पार्टी का नेतृत्व मजबूती से करें। संगठन की कमजोरियों को दूर करें। कांग्रेस भविष्य की नीतियों को लेकर चिंतन शिविर बुलाएगी।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद, दिग्विजय सिंह आदि ने अपने सुझाव दिए। चिंतन का निचोड़ यह है कि हर सदस्य ने सोनिया गांधी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और कहा कि जब तक चुनाव नहीं होता आप ही दल का नेतृत्व करें। हर इंचार्ज ने अपनी रिपोर्ट सौंपी कि आखिर पार्टी क्यों हारी। क्या करने की जरूरत है। कांग्रेस का हर नेता और कार्यकर्ता चाहता है कि राहुल गांधी पार्टी का नेतृत्व करें। इस बैठक में करीब 50 नेताओं ने हिस्सा लिया। यह उन पांच राज्यों में कांग्रेस के सांसदों और विधायकों की संख्या से ज्यादा है, जहां हाल ही में विधानसभा चुनाव हुए हैं।

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद एएनआई से कहा कि कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी हमारा नेतृत्व करेंगी और भावी कदम उठाएंगी। हम सभी का उनके नेतृत्व पर भरोसा है। कांग्रेस के गोवा प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने बैठक के बाद एएनआई से कहा, सोनिया गांधी पार्टी अध्यक्ष के तौर पर काम करती रहेंगी। बैठक में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव पर व्यापक चिंतन मनन हुआ। हमने चर्चा की है कि कैसे चीजों को लेकर आगे बढ़ा जाए और कैसे भविष्य के विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां की जाएं।

## युद्ध प्रभावित यूक्रेन का भारतीय दूतावास अस्थायी रूप से पड़ोसी देश पोलैंड शिफ्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। युद्ध प्रभावित यूक्रेन में भारतीय दूतावास को अस्थायी रूप से पड़ोसी देश पोलैंड शिफ्ट कर दिया गया है। भारत ने कहा, 'यूक्रेन में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति, देश के पश्चिमी हिस्सों में हमलों को देखते हुए, यह फैसला लिया गया है कि यूक्रेन में भारतीय दूतावास को पोलैंड में अस्थायी रूप से शिफ्ट किया जाएगा।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत की सुरक्षा तैयारियों और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता के तुरंत बाद यह फैसला लिया गया है। सरकार ने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी को यूक्रेन में ताजा घटनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें ऑपरेशन गंगा (यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए शुरू किया गया ऑपरेशन) भी शामिल है।

रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला बोला था। रूसी रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह हमला केवल यूक्रेनी सैन्य बुनियादी ढांचे को टारगेट करके किया जा रहा है। इसमें नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। मॉस्को बार-बार जोर देकर कह रहा है कि उसकी यूक्रेन पर कब्जा करने की कोई योजना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन के साथ वार्ता के लिए नामित एक रूसी प्रतिनिधि ने रविवार को कहा कि दोनों पक्षों ने बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मसौदा समझौतों पर पहुंच सकते हैं। स्लटस्की ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय है कि वार्ता में हुई प्रगति आने वाले दिनों में दोनों पक्ष के प्रतिनिधि हस्ताक्षर करने के लिए दस्तावेजों की ओर बढ़ सकते हैं।

इस बीच समाचार एजेंसी एएफपी ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से खबर दी है कि यूक्रेन में एक अमेरिकी पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह घटना बेहद हैरान करने वाली है। इस बीच यूक्रेन के साथ वार्ता कर रहे रूसी प्रतिनिधि का कहना है कि दोनों मुल्कों के बीच चल रही बातचीत में अब तक काफी प्रगति हुई है। कीव को लेकर बढ़ते संघर्ष को देखते हुए यूक्रेन में भारतीय दूतावास को अस्थायी रूप से पोलैंड ट्रांसफर कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि यूक्रेन में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक आगे स्थिति की समीक्षा के बाद और फैसले लिए जाएंगे।

इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रविवार को एक वीडियो संबोधन में कहा कि संघर्ष वाले क्षेत्रों से मानवीय गलियारों के जरिए लगभग 125,000 लोगों को निकाला गया है। मारियुपोल पर मुख्य फोकस है जहां 400,000 से अधिक लोग फंसे हुए हैं। आम लोगों के लिए मानवीय आपूर्ति काफिला मारियुपोल से 80 किलोमीटर दूर है।

मारियुपोल में फंसे लोगों की समस्या बढ़ी

रूस के हमलों से मारियुपोल सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। शहर में फंसे नागरिकों को निकालने के प्रयास विफल हो चुके हैं। भोजन, पानी और दवा की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। महापौर कार्यालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार मारियुपोल में 1,500 से अधिक लोग मारे गए हैं। रूस की भीषण गोलाबारी के कारण राहत के प्रयास असफल साबित हो रहे हैं।

## संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से होगा शुरू

जम्मू-कश्मीर के लिए बजट पेश होगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से आरंभ होगा, इसमें विपक्ष सरकार को बढ़ती बेरोजगारी, कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज दर में कटौती और युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों की निकासी सहित कई मामलों पर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश कर सकता है। बजटीय प्रस्तावों के लिए संसद की मंजूरी लेना और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए बजट पेश करना सरकार के एजेंडा में शीर्ष पर हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जम्मू-कश्मीर के लिए सोमवार को बजट पेश करेंगी और सदन में इस पर भोजन के बाद की कार्यवाही के दौरान चर्चा की जा सकती है। सरकार ने संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक को भी लोकसभा में विचार किये जाने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है।

बजट सत्र के पहले चरण में 29 जनवरी से 11 फरवरी तक दो अलग-अलग पालियों में लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही संचालित की गई थी। बहरहाल, इस बार कोविड-19 संबंधी हालात में काफी सुधार आने के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे से साथ-साथ चलेगी। संसद के सत्र का दूसरा चरण उस समय में आरंभ होगा, जब कुछ ही दिन पहले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) ने जीत हासिल की है। इससे पहले, बजट सत्र का पहला चरण संसद के सेंट्रल हॉल में लोकसभा एवं राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण से 29 जनवरी को शुरु हुआ था, जिसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया गया था। सीतारमण ने एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण और केंद्रीय बजट के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई थी।

इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने आवास पर कांग्रेस की संसदीय रणनीति समिति की बैठक की अध्यक्षता की और बजट सत्र के दौरान समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के समन्वय के साथ काम करने का फैसला किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की। हम सत्र के दौरान जनहित से जुड़े अहम मुद्दों को उठाने के लिए समान विचारधारा वाले दलों के साथ समन्वय में काम करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''यूक्रेन से भारतीय छात्रों की सुरक्षित निकासी, महंगाई, बेरोजगारी, कामगारों का मुद्दा, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का मुद्दा आदि उन मुद्दों में शामिल हैं, जिन्हें इस सत्र में उठाया जाएगा।''

## हिम्मत हारने की भूल कतई नहीं करना - मायावती ने उत्तराखंड के पदाधिकारियों से कहा

लखनऊ (ईएमएस)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने उत्तराखंड विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा करते हुए अपने पदाधिकारियों से कहा कि पार्टी को उम्मीद के मुताबिक सही सफलता नहीं मिली है जिसका पार्टी को काफी दुख व चिंता भी है। लेकिन हिम्मत हारने की भूल कतई नहीं करना है बल्कि कमियों को दूर करके आगे बढ़ने का अपना प्रयास जी जान से करते रहना है।

बसपा की उत्तराखंड इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक में मायावती ने वहां संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय की समीक्षा की और उन्हें भविष्य में भी काम करते रहने को प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड में हुए विधानसभा चुनाव में बसपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की और पार्टी को कुल 4.82 प्रतिशत मत मिले। उत्तर प्रदेश में बसपा को सिर्फ एक सीट पर जीत मिली है हालांकि यहां पार्टी को 1.88 प्रतिशत मत मिले।

बसपा मुख्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान के अनुसार, ''उत्तराखंड की समीक्षा में पाया गया कि उत्तर प्रदेश की तरह ही वहां भी सत्ताधारी भाजपा को हराने के लिए जी-जान तो काफी लगाया परंतु खासकर मुस्लिम समाज के लोगों ने सही विकल्प चुनने में चूक की जिसके कारण भाजपा के खिलाफ गरीबी, महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर जबर्दस्त नाराजगी के बावजूद इसका सीधा लाभ दोबारा भाजपा को मिला।''

मायावती ने कार्यकर्ताओं को नसीहत दी कि जो भी कमियां संगठन के कार्यों में नजर आई हैं उन्हें दूर करके आगे बढ़ने का प्रयास लगातार जारी रखना है। अपने विरोधी राजनीतिक दलों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, ''यह भी याद रखना है कि धनबल से लैस राजनीतिक विरोधी 'गंदी निगेटिव पॉलिटिक्स' तथा साम, दाम, दंड, भेद जैसे हथकंडे अपनाने में महारत रखते हैं और वे दूसरों को गलत साबित करके खुद अच्छा बन जाते हैं।''

## पर्स चुराने के मामले में पकड़ी गई अभिनेत्री रूपा दत्ता

कोलकाता (ईएमएस)। कोलकाता पुस्तक मेले में अभिनेत्री रूपा दत्ताको पर्स चुराने के मामले में पकड़ा गया। कोलकाता पुलिस का कहना है कि रूपा दत्ता को कथित तौर पर लोगों का ध्यान भटका कर चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इंटरनेशनल कोलकाता बुक फेयर के दौरान यह सनसनीखेज घटना हुई। टीवी शो में काम करने वाली रूपा दत्ता को शनिवार उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब एक पुलिसकर्मी ने उन्हें एक कचरे के डिब्बे में एक खाली पर्स फेंकते हुए देख लिया। बिदान नगर नार्थ पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने ये जानकारी दी।

उसके बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें हिरासत में लिया और जब कई सवालों के जवाब पूछे गए तो वो सकपका गई। उसके पास से तलाशी के दौरान एक बैग में कई पर्स और 75 हजार रुपये कैश बरामद हुए। इसके बाद रूपा को ध्यान भटकाकर चोरी करने के (केपमारी) के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में पुलिस आगे की जांच की जा रही है कि इस क्या इस अपराध में रूपा के साथ कोई और अन्य व्यक्ति भी शामिल था।

## मुंबई पुलिस ने ऐसे सवाल पूछे मानो मुझे फोन टैपिंग मामले में आरोपी बनाया जाना हो - फडणवीस

मुंबई (ईएमएस)। कथित अवैध फोन टैपिंग और गोपनीय दस्तावेजों के लीक होने के मामले में मुंबई पुलिस ने रविवार को 2 घंटे महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस का बयान दर्ज किया है। इस पर फडणवीस ने दावा किया है कि मुंबई पुलिस ने उनसे ऐसे सवाल पूछे मानो कि उन्हें इस मामले में आरोपी बनाया जाना हो। ज्ञात रहे कि आईपीएस रश्मि शुक्ला पर नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के अवैध रूप से फोन टैप करने का आरोप है, जब वह राज्य खुफिया विभाग की प्रमुख थीं।

वहीं महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलिप वलसे पाटिल ने कहा था कि फडणवीस को पुलिस का नोटिस उन्हें एक आरोपी के रूप में नहीं दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया सरकार किसी के भी खिलाफ प्रतिशोध के तहत कार्रवाई नहीं कर रही है। साइबर पुलिस ने पूर्व सीएम के घर पहुंचकर करीब दो घंटे तक पूछताछ की और उनका बयान रिकॉर्ड किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि महा विकास अघाडी (एमवीए) सरकार अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकेगी, चाहे वह उन्हें इस मामले में फंसाने की कितनी भी कोशिश क्यों न कर ले।

फडणवीस ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मामलों के सचिव के समक्ष अधिकारियों के स्थानांतरण में घोटाले का मुद्दा उठाया था, लेकिन उन्होंने किसी भी ब्योरे को सार्वजनिक रूप से लीक नहीं किया। फडणवीस ने आरोप लगाया कि उन पर दबाव डाला जा रहा है, क्योंकि वो मंत्री नवाब मलिक और भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के बीच कथित संबंध और गठबंधन द्वारा विरोधियों को निशाना बनाने की साजिश के मुद्दों को उठा रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार पर अधिकारियों के तबादलों के बड़े घोटाले को छह महीने तक दबाने का आरोप लगाया, जब तक कि वह इसे सामने नहीं लाए। फडणवीस ने दावा किया कि अगर उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया होता तो करोड़ों रुपये का बड़ा घोटाला दबा दिया जाता।

बीकेसी साइबर पुलिस ने पहले उन्हें कथित फोन टैपिंग और गोपनीय दस्तावेजों के लीक होने के मामले में एक प्रश्नावली भेजी थी जिस पर उन्होंने जवाब देने की बात कही थी। फडणवीस ने कहा कि पहले भेजी गई प्रश्नावली और आज पूछे गए सवालों में बहुत अंतर था। आज पूछे गए सवाल ऐसे थे, जैसे मैंने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन किया है, मुझसे ऐसे सवाल पूछे गए जैसे कि मुझे एक आरोपी या सह आरोपी बनाना है। वहीं महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने कहा कि फडणवीस को 5-6 बार नोटिस जारी कर उनसे अपना बयान दर्ज करने का अनुरोध किया गया था।

नोटिस का मतलब समन नहीं होता और नोटिस उन्हें एक आरोपी के रूप में नहीं भेजा गया था। मंत्री ने कहा कि मामला करीब एक साल पुराना है और फडणवीस के बयान के अभाव में मामले की जांच पूरी नहीं हो सकी। मंत्री ने कहा कि पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और अब तक 24 लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं।

## रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी की हाई लेवल मीटिंग

नई दिल्ली (ईएमएस)। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हाई लेवल मीटिंग बुलाई। इस दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को देखते हुए भारत की सुरक्षा तैयारियों और मौजूदा वैश्विक परिदृश्य की समीक्षा की गई। जब से रूस ने यूक्रेन पर अपना सैन्य हमला शुरू किया है, तब से प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों और सीनियर अधिकारियों के साथ कई उच्च-स्तरीय बैठकें कर चुके हैं। भारत ने युद्ध प्रभावित यूक्रेन में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए 'ऑपरेशन गंगा' नाम से विशाल अभियान शुरू किया है। इन बैठकों में इस ऑपरेशन को लेकर विस्तार से बातचीत हुई है। रविवार की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने हिस्सा लिया। मोदी ने दो युद्धरत राष्ट्रों के नेताओं- रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके यूक्रेनी समकक्ष वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ भी बातचीत की है। मोदी ने दोनों नेताओ से रक्तपात और विनाश को समाप्त करने के लिए वार्ता और कूटनीति की वापसी की अपील की है। भारत अब तक रूस के आक्रमण के प्रति अपनी प्रतिक्रिया को लेकर सतर्क रहा है। भारत संयुक्त राष्ट्र में मॉस्को के खिलाफ पारित प्रस्ताव से दूर रहा। इस बीच, भारत सरकार और पीएम मोदी को प्रशंसा मिली है। साथ ही पड़ोसी देशों के नेताओं ने यूक्रेन में फंसे अपने नागरिकों को भी सुरक्षित वापस लाने के लिए धन्यवाद दिया है। उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में युद्ध प्रभावित शहर सूमी से सुरक्षित बाहर निकाले गए छात्रों सहित 674 लोगों को लेकर तीन उड़ानें शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचीं। स्वदेश लौटे भारतीय नागरिक वहां के खौफनाक मंजर और युद्ध के दौरान दो हफ्ते तक अपनी जान बचाने को लेकर की गई कोशिशों को बयां करते हुए सहम गए। एअर इंडिया और इंडिगो की दो उड़ानें 461 लोगों के साथ सुबह पौने छह बजे और दोपहर 12 बज कर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची। जबकि भारतीय वायुसेना की सी-17 विमान 213 यात्रियों के साथ दोपहर सवा बारह बजे हिंडन एयर बेस पर उतरा।

## तमिलनाडु की पेरुमल पहाड़ियों के जंगल में लगी भीषण आग

डिंडीगुल। तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में पेरुमल पहाड़ियों के जंगल में गुरुवार से लगी आग अब और भी भीषण हो गई है। चारों ओर आग का मंजर नजर आ रहा है। आग इतनी ज्यादा है कि उसे बुझाने में लगे वन अधिकारियों की हर कोशिश नाकाम साबित हो रही है। बता दें कि गुरुवार को ही वन विभाग को इन पहाड़ियों के पास एक वन क्षेत्र के कुछ हिस्सों में आग लगने की सूचना मिली थी।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार गुरुवार को मिली जानकारी के बाद एक टीम का गठन किया गया था ।उसी दिन से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। अधिकारियों की मानें तो आग अब पूरे जंगल में फैलती जा रही है।

## पंजाब जीत से केजरीवाल गदगद, बोले- सूबे में अब बनेगी ईमानदार सरकार, एक-एक बच्चा बनेगा सीएम

अमृतसर (ईएमएस)। पंजाब में शानदार जीत हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी गदगद है और सूबे में सरकार गठन की तैयारियां शुरू कर दी है। 16 मार्च को भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब में शक्ति प्रदर्शन किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पंजाब पहुंचे थे। इस दौरान केजरीवाल ने भगवंत मान के साथ एक भव्य रोड शो किया। पंजाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप लोगों ने कमाल कर दिया, लव यू पंजाब। पूरी दुनिया को ये यकीन नहीं हो रहा कि पंजाब में इतना बड़ा इंकलाब आ गया है कि सब हार गए। ये बहुत बड़ा इंकलाब है और ये पंजाब के लोग ही कर सकते थे पूरी दुनिया में और किसी में इतनी ताकत नहीं थी।

केजरीवाल ने कहा कि कई सालों के बाद आज पंजाब के लोगों को एक ईमानदार मुख्यमंत्री मिला है। अब ईमानदार सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग पंजाब को लूट रहे थे वो अब बंद होगा। अब पूरा सरकारी पैसा पंजाब के लोगों पर खर्च होगा। हमने जितनी गारंटियां दी थी सब पूरी होंगी। 16 तारीख को भगवंत मान मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे तो उस दिन पंजाब का एक-एक बच्चा मुख्यमंत्री बनेगा। हम रंगला पंजाब बनाएंगे। वहीं भगवंत मान ने कहा कि हमने 122 लोगों की सुरक्षा कम कर दी है और इसके कारण 403 पुलिसकर्मी और 27 पुलिस वाहन थानों में लौट आए हैं। किसी भी सरकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री की तस्वीरें नहीं होंगी, लेकिन शहीद भगत सिंह और बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीरें जरूर होंगी।

आम आदमी पार्टी ने भगवंत मान के नेतृत्व में 92 सीटों पर जीत हासिल की है। 117 सीटों में से 92 सीटों पर जीत हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी अब पंजाब में सरकार बनाने जा रही है। रोड शो निकाले जाने से पहले मुख्य संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा राज्य के मुख्यमंत्री नामित भगवंत मान ने रविवार को यहां स्वर्ण मंदिर में माथा टेका। पार्टी के मुख्य संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली से यहां पहुंचने पर सीधे स्वर्ण मंदिर गए। इससे पहले मान ने हवाई अड्डे पर केजरीवाल, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का स्वागत किया। पंजाब पहुंचने के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान के साथ जलियांवाला बाग स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों नेताओं ने अमृतसर के दुर्गियाना मंदिर में भी पूजा की। भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल अमृतसर के वाल्मीकि मंदिर भी पहुंचे थे।

## आसनसोल से चुनाव लड़ेंगे शत्रुघ्न सिन्हा टीएमसी ने बालीगंज से बाबुल सुप्रियो को बनाया प्रत्याशी

नई दिल्ली (ईएमएस)। तृणमूल कांग्रेस ने आसनसोल लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिंह और बालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो को अपना उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने रविवार को दोनों नेताओं की उम्मीदवारी की घोषणा अपने ट्विटर हैंडल से की। गौरतलब है कि बाबुल सुप्रियो ने पिछले साल अपनी लोकसभा सीट आसनसोल से इस्तीफा दे दिया था। बाद में उन्होंने बीजेपी छोड़ तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया था। इसलिए उनकी सीट खाली होने पर उपचुनाव की घोषणा की गई है। टीएमसी ने आसनसोल से भाजपा सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे शत्रुघ्न सिन्हा को उतारने का फैसला किया है। बाबुल सुप्रियो साल 2014 और 2019 में लगातार दो बार आसनसोल लोकसभा सीट से बीजेपी के टिकट पर सांसद चुने गए थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर लिखा, ठअखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की ओर से यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आसनसोल से लोकसभा उपचुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रसिद्ध अभिनेता श्री शत्रुघ्न सिन्हा हमारे उम्मीदवार होंगे।ठ वहीं बाबुल सुप्रियो अब विधायकी लड़ेंगे। वे बालीगंज से विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगे। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने शनिवार को बंगाल उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की थी। ममता ने एक अन्य ट्वीट में लिखा, ठपूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रसिद्ध गायक, श्री बाबुल सुप्रियो बल्लीगंज से विधानसभा उपचुनाव में हमारे उम्मीदवार होंगे। जय हिंद, जय बांग्ला, जय माँ-माटी-मानुष!ठ आयोग ने कहा कि लोकसभा की एक सीट और चार राज्यों की चार विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 12 अप्रैल को होंगे। मतगणना 16 अप्रैल को होगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर लिखा, ठअखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की ओर से यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आसनसोल से लोकसभा उपचुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रसिद्ध अभिनेता श्री शत्रुघ्न सिन्हा हमारे उम्मीदवार होंगे। वहीं बाबुल सुप्रियो अब विधायकी लड़ेंगे। वे बालीगंज से विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगे। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने शनिवार को बंगाल उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की थी। ममता ने एक अन्य ट्वीट में लिखा पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रसिद्ध गायक, श्री बाबुल सुप्रियो बल्लीगंज से विधानसभा उपचुनाव में हमारे उम्मीदवार होंगे। जय हिंद, जय बांग्ला, जय माँ-माटी-मानुष!ठ आयोग ने कहा कि लोकसभा की एक सीट और चार राज्यों की चार विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 12 अप्रैल को होंगे। मतगणना 16 अप्रैल को होगी।

## दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचे योगी से पीएम मोदी से की मुलाकात

यूपी मंत्रिमंडल के गठन को लेकर होगी शीर्ष नेतृत्व से चर्चा

नई दिल्ली (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर रविवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने सात, लोक कल्याण मार्ग जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। रविवार को दिल्ली पहुंचने के बाद योगी ने सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष से मुलाकात की। बीएल संतोष यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान बेहद सक्रिय रहे और लगातार दौरा कर संगठन मजबूत करने का काम किया। योगी आदित्यनाथ और बीएल संतोष की इस मुलाकात के दौरान केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनवाल भी मौजूद थे।

पीएम मोदी तथा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ दिल्ली की बैठक में योगी आदित्यनाथ को प्रदेश में नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख तय करने के साथ मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले मंत्रियों तथा डिप्टी सीएम के नाम तय होने हैं। इस मिशन के लिए भी सीएम योगी ने लखनऊ में शनिवार को होमवर्क किया।

दिल्ली में रविवार को योगी दिन में एक बजे बीएल संतोष से मिले। इसके बाद वह तीन बजे वह उप राष्ट्रपति एम.वैंकैया नायूड से मिले। उनका पांच बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करने का कार्यक्रम था। छह बजे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने के बाद रात में आठ बजे रक्षा मंत्री तथा लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से मिलने वाले हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व तथा संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों के शपथ की तारीख तय होगी। इतना ही नहीं प्रदेश में दो उप मुख्यमंत्री तथा कैबिनेट मंत्रियों के नाम पर भी मुहर लगेगी।

यूपी मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का पूरा फोकस 2024 के लोकसभा चुनाव पर भी होगा। उत्तर प्रदेश के 80 सांसद देश की सरकार की दिशा तथा दशा तय करते हैं। प्रदेश में भाजपा की लगातार दूसरी सरकार के गठन के दौरान भी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जातीय तथा क्षेत्रीय संतुलन पर जोर देगा। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी के साथ अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह तथा महामंत्री संगठन सुनील बंसल की राय पर भी ध्यान दिया जाएगा।

चर्चा हैं कि उत्तर प्रदेश में नई सरकार का शपथ ग्रहण अब होली के बाद होगा। 2017 में योगी ने 19 मार्च को सीएम के रूप में शपथ ली थी। नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख के साथ संगठन में प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के स्वरूप पर विमर्श शुरू हो गया है। मंथन किया जा रहा है कि 2022 के चुनाव परिणाम को देखकर 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में किन क्षेत्र और सामाजिक वर्ग की घेराबंदी मजबूत करनी होगी। प्रदेश के हर कोने में भी जातीय-क्षेत्रीय समीकरण पर कौन से चेहरे सकारात्मक प्रभाव छोड़ सकते हैं। मंत्रिमंडल गठन को लेकर कोई भी निर्णय केंद्रीय नेतृत्व के साथ विचार-मंथन में सहमति-स्वीकृति के आधार पर ही लिया जाना है।

### कार्टून कोना




## मुकुल वासनिक होंगे कांग्रेस के अगले अध्यक्ष जी23 नेताओं ने की सिफारिशः रिपोर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं के समूह जी23 ने मुकुल वासनिक को पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए सुझाव दिया था, जिसे स्वीकार नहीं किया गया। सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। सूत्रों ने कहा, 'जी23 ने पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए मुकुल वासनिक के नाम का सुझाव दिया था, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया।' मालूम हो कि जी23 में आनंद शर्मा, गुलाम नबी आजाद, कपिल सिब्बल जैसे बड़े कांग्रेस नेता शामिल हैं। जी23 के ही किसी सूत्र ने यह भी कहा कि कांग्रेस के नए अध्यक्ष को उसी तरह से पार्टी का नेतृत्व करना चाहिए, जैसा कि 2000 की शुरुआत में सोनिया गांधी ने किया था। सूत्र ने कहा, ठभले ही सोनिया गांधी कांग्रेस की (अंतरिम) अध्यक्ष हैं, लेकिन पार्टी को केसी वेणुगोपाल, अजय माकन और रणदीप सुरजेवाला की ओर से चलाया जा रहा है। उन पर कोई जवाबदेही तय नहीं है। राहुल गांधी अध्यक्ष नहीं हैं। लेकिन वह पर्दे के पीछे से काम करते हैं और निर्णय लेते हैं। वह खुलकर बातचीत नहीं करते हैं। हम पार्टी के शुभचिंतक हैं, दुश्मन नहीं।ठ मालूम हो कि हालिया विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त का सामना करने के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक आज होनी है। इसमें हार के कारणों की समीक्षा और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। वहीं कांग्रेस पार्टी ने उन खबरों का खंडन किया जिसमें कहा गया था कि गांधी परिवार के सदस्य सभी संगठनात्मक पदों से इस्तीफा दे देंगे। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी रविवार को शाम चार बजे पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारक इकाई सीडब्ल्यूसी बैठक की अध्यक्षता करेंगी। सीडब्ल्यूसी की बैठक ऐसे समय होने जा रही है जब कांग्रेस ने पंजाब में सत्ता गंवा दी और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी उसे करारी हार का सामना करना पड़ा है।

# जन हितैषी

## चुनाव के सबक

भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड जीत के साथ सत्ता दोबारा हासिल कर ली है लेकिन इस जीत ने पार्टी को कई सबक भी दिए हैं। सबक पश्चिमी यूपी में जाटलैंड में हुए घाटे की भरपाई करने का है तो लोकसभा में हासिल 50 फीसदी मत प्रतिशत को फिर 2024 में हासिल करने की चुनौती भी है। वहीं सपा के लिए बढ़त बनाने के बावजूद अभी भी सत्ता तक पहुंचने का जादुई आंकड़ा पाने की चुनौती बनी हुई है। उसे चिंतन करना होगा कि कैसे वह इस बढ़त या यूं कहें भाजपा से छिटके ओबीसी को पाले में बरकरार रख सके जिसके कारण वह भाजपा को चुनाव प्रचार के दौरान काफी हद तक परेशान करने में कामयाब रही है। निःसंदेह भारतीय जनता पार्टी का मत प्रतिशत लगभग 42 फीसदी के पास रहा है। यह पिछले विधानसभा चुनाव में मिले 39.67 फीसदी से करीब दो फीसदी ज्यादा है लेकिन भाजपा को मत प्रतिशत को लोकसभा चुनाव 2019 के स्तर करीब 50 फीसदी तक पहुंचाने की चुनौती अभी भी बरकरार है। उसे सरकार की कार्यशैली से नाराजगी के चलते सपा के पाले में शिफ्ट 3-4 फीसदी वोटों पर भी चिंतन करना होगा। कहना गलत न होगा कि समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2017 में कुल 311 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इन पर उसको 28.30 फीसदी वोट हासिल हुए थे, जो इस बार करीब 3 से 4 फीसदी बढ़कर 32 फीसदी से ज्यादा हुआ है। ऐसे करीब 11 फीसदी मतदाता सामने आए हैं जो पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट देते हैं। शायद यही वजह थी कि लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा का मत प्रतिशत 51 के आसपास रहा था। इन चुनावों में भी मोदी-योगी के नाम पर वोट मिले हैं। पार्टी को देखना होगा कि उसके विधायकों-सांसदों के कार्यों के चलते सत्ता विरोधी रुझान न हो। यह चिंता का सबब है कि पार्टी को लोकसभा चुनावों में मिला 50 फीसदी का मत प्रतिशत विधानसभा चुनाव में क्यों नहीं मिल सका। समाजवादी पार्टी ने 110 के करीब सीटें हासिल करने के साथ ही मत प्रतिशत सुधारा है। समाजवादी पार्टी के लिए उसकी इस बढ़त में सबक यह है कि उधार की हांडी में पकवान नहीं पकाए जा सकते। पार्टी वर्ष 2012 जैसा जातीय और सामाजिक समीकरण बनाने में नाकाम रही। याद रहे कि वर्ष 2012 के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे बाहुबलियों को टिकट देने से इनकार कर एक अलग छवि बनाई थी। संदेश गया था कि सपा बदल रही है। समाजवादी पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ाने में मुख्य रूप से युवाओं को नौकरी, महंगाई और छुट्टा जानवर की समस्या प्रमुख कारण रहे लेकिन सपा को समझाना होगा कि बद से बदनाम बुरा। उसे समाज में पार्टी की ऐसी छवि बनानी होगी, जिसे उसको सबका साथ मिल सके। समाजवादी पार्टी ने जिन स्वामी प्रसाद मौर्य और ओम प्रकाश राजभर को पार्टी में लेकर ओबीसी वोट बैंक को साधने की कोशिश की थी वह भी बहुत कामयाब होती नहीं दिखी। पूर्वांचल में न तो ओबीसी कार्ड चला और न ही लखीमपुर खीरी में किसान आंदोलन का मुद्दा। लखीमपुर की निघासन सीट इसका ज्वलंत उदाहरण है। तिकुनियां इसी सीट में पड़ता है जहां किसानों को कुचलने का कांड हुआ था। वहां सपा ने बसपा से आए रामआसरे कुशवाहा को इस आधार पर टिकट दिया कि उन्हें सजातीय बिरादरी के वोट मिल सकेंगे। सपा ने इसे सुनिश्चित करने के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य की कई बैठकें करवाईं। संजय चौहान भी वहां गए लेकिन सपा को ओबीसी वोट हासिल नहीं हो सका। कुछ ऐसी ही स्थिति स्वामी प्रसाद मौर्य की सीट फाजिल नगर पर रही। पार्टी के लिए ओबीसी का बड़ा कार्ड माने जा रहे स्वामी प्रसाद मौर्य खुद हार गए।

## विश्व नदी दिवस का महत्व

नदियां हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। नदियां जीवन दायिनी हैं। प्राकृतिक रुप से बहुत सारे जीव-जन्तु और प्राणी जल के लिए नदियों पर ही निर्भर हैं, लेकिन पर्यावरण में फैलता हुआ प्रदूषण नदियों के लिए अभिषाप बन गया है। सबको जीवन देने वाली नदियों का अस्तित्व खुद खतरें में हैं। कुछ नदियां अत्यधिक प्रदूषित हो चुकी हैं तो कुछ लुप्त होने की कगार पर हैं। ऐसे में नदियों का सरंक्षण करना अति आवश्यक हो गया है।

भारत समेत विश्व के कई देशों में विश्व नदी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शरुआत 2005 में नदियों की रक्षा के संकल्प को लेकर की गई थी। भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में विश्व नदी दिवस मनाया जाता है। हमारे देश सहित अमेरिका, पोलैंड, दक्षिण अफ्रिका, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, बांग्लादेश कनाडा और ब्रिटेन आदि देशों में विश्व नदी दिवस पर नदियों की रक्षा के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

विश्व नदी दिवस का महत्व

बढ़ते हुए प्रदूषण की वजह से नदियों का जल दूषित होता जा रहा है। प्रदूषण की वजह से जलवायु में भी परिवर्तन हुआ है जिसके कारण कई नदियां सिकुड़ती जा रही हैं। विश्व नदी दिवस पर कई देश लाखों लोग और कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन नदियों के बचाव के लिए अपना योगदान करते हैं। इस दिन लोग संकल्प लेते हैं कि वे नदियों को प्रदूषित नहीं करेंगे और उन्हें प्रदूषित होने से बचांएंगे। यहा दिन लोगों में नदियों के महत्व उसकी स्वच्छता के प्रति जागरुकता भी लाता है।

विश्व नदी दिवस पर सभी देश एक जुट होकर नदियों के सरंक्षण के विषय पर बात करते हैं। इस दिन को एक पर्व की तरह भी मनाया जाता है। दुनिया भर के कम से कम 60 देशों में विश्व नदी दिवस पर आयोजन किएजाते हैं जिसमें लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। इसमें नदियों की सफाई करने से लेकर रिवर राफ्टिंग जैस कार्यक्रम होते हैं। जिसमें लोग नदियों की सफाई के साथ नदियों में घूमने का लुफ्त भी उठाते हैं। (लेखक--विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन / ईएमएस)

## दैनिक पंचांग

**14 मार्च 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





**सोमवार** 2022 वर्ष का 73 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2078 **शक संवत्** 1943
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 12.06 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 22.08 बजे को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 04.14 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** विष्टि 12.06 बजे तदनन्तर बव 00.00 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 38'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871187
**जूलियन दिन** 2459652.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443 **महीना** सावान
**तारीख** 10 **विशेष** आमलकी एकादशी, स्वामी भारती कृष्णतीर्थ एवं योगेश्वर दयाल जयंती।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.16 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 07.47 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.27 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.25 बजे से |
| गुरु | कुंभ में | कर्क | 13.38 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 15.54 बजे से |
| शनि | मकर में | कन्या | 18.06 बजे से |
| राहु | वृष में | तुला | 20.17 बजे से |
| केतु | वृश्चिक में | वृश्चिक | 22.32 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.48 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 02.53 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.39 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7225



**बाएँ से दाएँ**

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

**ऊपर से नीचे**

1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

**शब्द पहेली -7224 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# भाजपा अविजित तो आप नए विकल्प की राह पर!

भारत के राजनीतिक भविष्य के लिए बेहद अहम से माने जा रहे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव उसमें भी खासकर उत्तर प्रदेश ने न केवल यह जतला दिया है कि 2024 में दिल्ली की गद्दी का रास्ता फिर वहीं से निकलेगा बल्कि 37 वर्षों का मिथक भी तोड़ दिया कि एक ही दल दोबारा सत्ता में नहीं आता। अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद भाजपा और योगी का उत्तर प्रदेश में दोबारा प्रचण्ड बहुमत लौटना बताता है कि मिथक बस मिथक ही होते हैं जो जनादेश के आगे टूट जाते हैं। नारायण दत्त तिवारी के बाद योगी आदित्यनाथ ही अकेले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने कार्यकाल पूरा कर शानदार वापिसी की है। बेशक यह चुनाव 2024 के आम चुनाव के लिए वो ट्रेलर साबित होंगे जिसने पूरी दिखनी वाली फिल्म की कहानी खोल दी है।

अब जैसा कि तय दिख रहा है योगी आदित्यनाथ ही लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे जो 37 वर्षों के बाद होगा तथा राज्य के पांचवें मुख्यमंत्री होंगे जो दूसरे कार्यकाल की जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे पहले सिर्फ चार मुख्यमंत्री 1957 में संपूर्णानंद, 1962 में चंद्रभानु गुप्ता, 1974 में हेमवती नंदन बहुगुणा और 1985 में नारायण दत्त तिवारी ही चुनाव के बाद सत्ता में वापसी कर पाए थे। इसी तरह उत्तराखण्ड में दोबारा सत्ता में न आने का मिथक टूट चुका है। भाजपा की सत्ता में शानदार वापसी बता रही है कि मतदाताओं ने पूरा भरोसा किया है और यहाँ 3-3 मुख्यमंत्री बदलने के बाद भी वापसी ने मतदाताओं की परिपक्वता और विश्वास का जनादेश ही दिखाया है। शायद काँग्रेस यहाँ भी अपनी अन्दरूनी कलह की वजह से पिछड़ती चली गई।

बाँकी 3 राज्यों के नतीजों में पंजाब ने वो इतिहास रचा जो देश की भावी राजनीति का नया विकल्प होने के लिए तेजी से फैलता बरगद साबित हो सकता है। बेशक आम आदमी पार्टी की हैसियत अब क्षेत्रीय दल से बाहर आ रही है जिसको लेकर सभी मानते हैं कि वही काँग्रेस की जगह लेती दिखेगी। बिना लाग लपेट कहें तो 10 सालों में जिस तेजी से आम आदमी पार्टी ने अपना जनाधार तैयार किया है उससे भाजपा के शुरुआती दिनों की याद ताजा हो रही है। गोवा और मणिपुर में भाजपा की प्रभावी बढ़त बताती है कि भाजपा अभी भी अविजित है। अब काँग्रेस कहाँ होगी? कह पाना मुश्किल है 2024 के आम चुनाव से पहले 10 राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होने हैं।

इसी साल के आखिर में गुजरात और हिमाचल प्रदेश तो 2023 में 8 राज्यों के चुनाव होने हैं। इनमें मार्च में पूर्वोत्तर के तीन राज्य मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा तो मई में कर्नाटक और दिसंबर में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों के चुनाव होंगे। जाहिर है 2024 के आम चुनावों की तैयारियों तक 10 राज्यों के चुनावों की झड़ी सामने दिख रही है जिसके लिए भाजपा अड़ी दिख रही है।

यकीनन 2024 का इसे शंखनाद कह सकते हैं। विरोधी दलों को एक बार फिर से सोचने को मजबूर करने वाले 5 राज्यों के नतीजों से एक बात तो तय है कि देश की राजनीतिक छवि काफी बदलने वाली है। भाजपा को अव्वल मानने से किसी को भी गुरेज नहीं है लेकिन जिस तरीके से आप पार्टी ने जहाँ जीतती तो वह किसी सुनामी से कम नहीं होती लाकर आने वाले दिनों में खुद को देश के तमाम राज्यों में विकल्प और मजबूत विपक्ष बनने की ओर अग्रसर कर लिया है।

उप्र में दलित कार्ड पर राजनीति का बदलता रंग एक बड़ा संकेत जरूर है। हासिए पर आई बसपा और काँग्रेस में इसकी अगर सबसे ज्यादा कीमत किसी भी दल को चुकानी पड़ेगी तो वह है काँग्रेस। बेशक अगले पौने दो बरस में 10 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें बसपा कहीं भी लड़ाके की मुद्रा में नहीं है। हाँ, काँग्रेस जरूर है जो अंर्तकलह और रणनीतियों में उलझी होगी। काँग्रेस के लिए यह नतीजे बड़े कुठाराघात से कम नहीं है। काँग्रेस के लिए छत्तीसगढ़ को छोड़कर उम्मीद की किरण कहीं दिखती नहीं। वहीं आम आदमी पार्टी की पैनी नजर हिमाचल प्रदेश और गुजरात में है। पंजाब में आप की सुनामी से उत्साहित इस पार्टी के हौसले निश्चित रूप से बुलंदियों पर हैं और इसे लेकर जनधारणा, अगले विधानसभा चुनावों में नतीजों में कितनी तब्दील होगी या नहीं इसके लिए तो इंतजार ही करना होगा। हाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली और गुड गवर्नेंस को लेकर आम आदमी पार्टी का दिल्ली मॉडल धीरे-धीरे जरूर लोकप्रियता की ओर बढ़ रहा है। आगे यह भाजपा के लिए चुनौती जरूर होगा।

पंजाब में आप की सुनामी के आगे तमाम दिग्गजों का धराशायी होना राजनीति की नई इबारत लिखने जैसा है। इसके अलग ही परिणाम दिखेंगे, नशा से लेकर किसान आन्दोलन का असर भी बस पंजाब में ही दिखा। लेकिन उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में ऐसा नहीं रहा। हाँ, देश में भाजपा को एक नई और जनआकांक्षाओं के अनुरूप बड़े और कड़े निर्णय लेने का रास्ता उत्तर प्रदेश ने जरूर साफ कर दिया है। योगी आदित्यनाथ को बुलडोजर बाबा के रूप में प्रचारित कर खुद विपक्ष ने आगे बढ़ा कर वो हथियार दे दिया जो उन्हें ले डूबा। जाहिर है इन नतीजों को भू-माफियाओं, अपराधियों पर किए गए प्रहारों पर मुहर कही जा सकती है। हाँ, इसको लेकर मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की भी सोच अब समझ आने लगी है। उन्होंने भी अपराधियों और माफियाओं, सूदखोरों पर हाल ही में जो ताबततोड़ कार्रवाइयाँ की हैं, वह उत्तर प्रदेश की तर्ज पर हैं। 2023 के आखिर में मप्र में चुनाव हैं। जो तेवर शिवराज के दिख रहे हैं उससे लगता है कि यहाँ भी बच्चों में मामा के नाम से लोकप्रिय शिवराज भी अगर बुलडोजर मामा बन गए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश की भाँति मध्यप्रदेश में भी भू, रेत और खनन माफियाओं की बढ़ती आपाराधिक गतिविधियों पर जो प्रहार, बतौर प्रयोग शुरू हुआ था, लगता है कि वह अब बड़े स्तर पर कर वो नया करेंगे जो अब तक नहीं हुआ।

मणिपुर और गोवा में भी बढ़त से उत्साहित भाजपा के लिए अब पूरे देश में राजनीतिक रूप से नए फैसलों को लेने के लिए इन नतीजों को हरी झण्डा मान देश में राजनीति की नई तस्वीर जरूर दिखेगी और दिखनी भी चाहिए। बेशक उप्र ने योगी आदित्यनाथ को पहले इस्तेमाल करो फिर विश्वास करो के जुमला से ही सही दोबारा सत्ता में पहुंचाया। लेकिन क्या उनके कड़े फैसले देश में सुशासन की नई इबारत लिखेंगे? वहीं अपने कामों के प्रचार से दिल्ली के बाद पंजाब में भी सत्ता में आने वाली आम आदमी पार्टी भी आम लोगों के लिए खास बनकर देश में नया विकल्प बनेगी। हाँ, इतना तो कहा जा सकता है कि भाजपा में सत्ता की धुरी की जोड़ी अब दो नहीं तीन होकर पार्टी को और मजबूत करेंगे। अब योगी, मोदी और अमित शाह ही वो तिकड़ी होंगे जिन पर न केवल भाजपा बल्कि भावी फैसलों का सारा दारोमदार होगा जो कोरोना से लड़ने के बावजूद तमाम आरोप, प्रचार और दुष्प्रचार से इतर अपने लक्ष्य में कामियाब रहे। भारत के परिपक्व और मजबूत लोकतंत्र के लिए हर चुनाव बेमिशाल ही होते हैं ठीक वैसे यह भी रहा। (लेखक-ऋतुपर्ण दवे / ईएमएस)

# सांसारिक उन्नति के बिना धर्म अधूरा है

आईएएस अधिकारी और धर्म, दर्शन और साहित्य के अध्येता

'धर्म' है क्या? यह हमेशा से विवाद का विषय रहा है। धर्म, संसार को समृद्धिशाली, नैतिक और सुखी बनाने के लिए था परंतु विडम्बना है कि उसका इस्तेमाल सदैव से चालाक लोगों के द्वारा अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए किया जाता रहा है। धर्म की मनमानी व्याख्याओं का परिणाम है कि इतिहास के अधिकतर झगड़े और युद्ध धर्म के कारण हुए हैं। धर्म शब्द कहते ही आम लोगों के जेहन में जो दृश्य पैदा होता है वह है यज्ञ, पूजा, नमाज, प्रार्थना या किसी धार्मिक ग्रंथ का पठन-पाठन। ऐसा लगता है कि धार्मिक क्रियाएँ भविष्य के किसी अज्ञात लाभ के लिए हैं। धर्म को यहीं तक सीमित करके जहाँ एक ओर धार्मिक झगड़ों की नींव डाल दी वहीं दूसरी ओर समाज को वैज्ञानिक सोच और सांसारिक समृद्धि से वंचित कर दिया गया।

भारतीय वाङ्मय में धर्म शब्द अत्यंत व्यापक अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। जहाँ एक ओर आत्मिक कल्याण के साधनों को धर्म कहा है वहीं कर्तव्य और दायित्व के लिए भी धर्म शब्द का इस्तेमाल हुआ है जैसे कार्य के आधार पर राजधर्म, सेवकधर्म, जीवन की अवस्थाओं के आधार पर गृहस्थधर्म, संन्यासधर्म, वंश के आधार पर आर्यधर्म, राक्षसधर्म, रिश्तों के आधार पर पत्नीधर्म, पुत्रधर्म, परिस्थिति के आधार पर आपद्धर्म आदि। सामान्य नैतिक नियमों को भी धर्म कहा गया है जो सभी लोगों के लिए पालन योग्य हैं। श्रीमद्भागवत् (11.17.21) में अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, काम, क्रोध व लोभ से बचे रहना, सदैव ऐसा प्रयास करते रहना जिससे सभी प्रणियों का हित हो आदि ऐसे ही धर्म हैं। इसी प्रकार के नैतिक नियमों को मनु ने भी धर्म कहा है (मनुस्मृति 6/92)। भगवान् ने जिस वस्तु को जिस प्रयोजन के लिए रचा है उसकी पूर्ति करना ही उस वस्तु का धर्म है। जैसे अग्नि का धर्म ताप देना है, चंद्रमा का धर्म है शीतलता देना आदि। गीता में जब कृष्ण कहते हैं कि - स्वधर्मे निधनं श्रेयः -अर्थात् अपने धर्म में मृत्यु भी श्रेष्ठ है तब धर्म का अर्थ है व्यक्ति का स्वभाव जो उसे प्रकृति ने स्वमेव दिया है न कि हिंदू, मुस्लिम, ईसाई आदि।

☐ कहा जाता है कि आज की पीढ़ी भौतिकवादी है। इसे एक बुराई के रूप में लिया जाता है परंतु जरा सोचें भौतिकता के अभाव में सैकड़ों वर्षों से दरिद्रता, भेदभाव, अशिक्षा और अंधविश्वास में जी रही पीढियाँ कौन सी आध्यात्मिक हो गई थीं?

☐ युवाओं को अच्छी शिक्षा देना, कौशल प्रदान करना, उन्हें उत्साही और कर्मयोगी बनाना, उनमें वैज्ञानिक सोच का विकास करना ताकि वे ऐश्वर्यपूर्ण और समृद्धिशाली जीवन जी सकें, भी धर्म का ही भाग है।

धर्म की कोई सर्वमान्य परिभाषा ज्ञात करना बहुत कठिन है क्योंकि विभिन्न मतों या विचारों को माननेवाले अपने-अपने सिद्धांतों के अनुसार विभिन्न कार्यों को धर्म कहते हैं। नास्तिक दर्शन, जैसे चार्वाक-दर्शन, आत्मा-परमात्मा को नहीं मानता। उसके लिए प्रत्यक्ष दिखनेवाला संसार ही सत्य है। इसलिए जिस कर्म से संसार में उन्नति हो उनके लिए वही धर्म है। बुद्ध दर्शन के अनुसार अहिंसा और निर्वाण प्राप्ति के उपाय धर्म हैं। सांख्यदर्शन के प्रणेता कपिल ने कहा है कि जिस कर्म से अन्तःकरण में वैराग्य, शान्ति और विवेक का उदय हो वही धर्म है। योगदर्शन के प्रणेता पातञ्जलि कहते हैं कि वह कर्म जो मनुष्य की वृत्ति को समाधि के उपयुक्त बनाकर आत्मस्वरूप में स्थित कराते हैं वही धर्म हैं। पूर्व मीमांसा के प्रणेता जैमिनी ने वेदों में वर्णित यज्ञ, याज्ञ आदि को ही धर्म बताया है। वेदान्त दर्शन के प्रणेता महर्षि वेदव्यास के अनुसार ऐसे कर्म जो अन्तःकरण की शुद्धि करते हैं, धर्म हैं।

धर्म की सबसे क्रांतिकारी परिभाषा वैशेषिक दर्शन के प्रणेता महर्षि कणाद ने दी है। उन्होंने धर्म को आत्मा के साथ ही संसार से भी जोड़ दिया। उनके अनुसार 'यतोभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः' अर्थात् जिस कर्म से मनुष्य का अभ्युदय अर्थात् इस जगत् में उन्नति होती है तथा अंत में निःश्रेयस अर्थात् मोक्ष या मुक्ति की प्राप्ति होती है वही धर्म है। सनातन धर्म के अनुसार जीवन का परमलक्ष्य 'मोक्ष' है जिसके लिए आध्यात्मिक उन्नति आवश्यक है। आध्यात्मिक उन्नति के साधन जप, तप, पूजा, यज्ञ आदि तभी संभव हैं जब भोजन, वस्त्र, आवास उपलब्ध हों, शरीर स्वस्थ हो और समाज में कानून और न्याय का शासन हो। कहा जाता है कि 'भूखे भजन न होय गोपाला'। महाभारत में सर शैय्या पर पड़े भीष्म ने कहा था कि शारीरिक कष्ट के कारण उन्हें धर्मतत्तव का स्मरण नहीं हो रहा है। स्पष्ट है कि सांसारिक अनुकूलताएँ धर्म पालन में सहायक हैं।

इस प्रकार धर्म के दो भाग हैं - वाह्य जो सांसारिक प्रगति से और आंतरिक जो आत्मिक प्रगति से संबंधित है। धर्म रूपी रथ के यह दो पहिये हैं। यदि सांसारिक प्रगति और समृद्धि नहीं होगी तो रथ चल नहीं पाएगा। वैदिक भारत में धर्म का समन्वित रूप प्रचलन में था इसलिए संसार से संबंधित विज्ञान व कलाएँ जैसे गणित, आयुर्वेद, स्थापत्य, व्याकरण, नाटय, खगोलविज्ञान, अस्त्र-शस्त्र, युद्धकला आदि का विकास हुआ। बाद में भारत में केवल आत्मतत्त्व पर जोर देने और जगत को मिथ्या मान लेने से हजारों वर्षों से सांसारिक समृद्धि व वैज्ञानिक प्रगति में देश पिछड़ता गया । जिसका परिणाम देश में बड़े स्तर पर दरिद्रता, अशिक्षा, भेदभाव और नैराश्य के रूप में सामने आया। इस बीमारी को स्वामी विवेकानन्द ने ठीक से पहचाना और कहा कि युवाओं को जरूरी है कि वे गीता पढ़ने से पहले फुटबाल खेलना सीखें। उन्होंने ही कहा था कि आज देश को केवल कर्मयोग, कर्मयोग और तीव्रतम कर्मयोग की आवश्यकता है।

सनातन धर्म में जीवन पाप का परिणाम नहीं है न ही निंदनीय है। वेद तो संसार के समस्त मानवों को अमृत के पुत्र कहते हैं – श्रणवन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्राः। जीवन तो परमचेतना का साक्षात्कार करने के लिए है परंतु इस प्रक्रिया में संसार के सुख त्याज्य नहीं हैं। जीवन के चार पुरुषार्थ बताते हैं कि हमें धर्म से यात्रा प्रारंभ करके अर्थ और काम से होते हुए मोक्ष तक ले जाना है। सांसारिक सुखों का उपयोग धर्म की मर्यादाओं के बीच करना है। गीता में कृष्ण ने धर्म की मर्यादा के भीतर काम को भी अपना रूप कहा है – धर्माविरुद्धो कामेषु भूतेषु भरतर्षभ। रामचरित मानस में मनु शतरूपा को वरदान देते हुए कहा है कि संसार में ऐसे सुख भोगो जो देवताओं को भी दुर्लभ हैं और अंत में ईश्वर के धाम में जाओ – सुर दुर्लभ सुख करि जग माहीं। अंतकाल रघुबरपुर जाहीं। वेदों में निरंतर स्वस्थ, समृद्धिशाली, ऐश्वर्ययुक्त जीवन की कामना की गई है। भगवान् का तो अर्थ ही है जो ऐश्वर्य से युक्त हो।

कहा जाता है कि आज की पीढ़ी भौतिकवादी है। इसे एक बुराई के रूप में लिया जाता है परंतु जरा सोचें भौतिकता के अभाव में सैकड़ों वर्षों से दरिद्रता, भेदभाव, अशिक्षा और अंधविश्वास में जी रही पीढियाँ कौन सी आध्यात्मिक हो गई थीं? भौतिकवादी होना कोई बुराई नहीं है जब तक कि भौतिकवाद, धर्म (नैतिक सीमाओं) के भीतर है। वैज्ञानिक प्रगति, भौतिक विकास, समृद्धि भी धर्म का बाह्य भाग है जिसके अभाव में आंतरिक धर्म फलीभूत नहीं होता। धर्म को केवल आंतरिक जगत का हिस्सा मान लेना और बाहरी जगत से विमुख हो जाना हमारे पिछड़ेपन का सबसे बड़ा कारण है। सड़कों पर अर्धशिक्षित, धार्मिक नारे लगाते, यात्राएँ निकालते, बेरोजगार, धर्मांध युवक कहीं भी दिख सकते हैं। इन्हें समझाया जा रहा है कि यही धर्म है। धर्म की यह व्याख्या आज का सबसे बड़ा संकट है। इससे कुछ लोगों के लिए सत्ता का पथ भले ही प्रशस्त हो जाए परंतु यह युवा धर्म से उतनी ही दूर होते जा रहे हैं।

युवाओं को अच्छी शिक्षा देना, कौशल प्रदान करना, उन्हें उत्साही और कर्मयोगी बनाना, उनमें वैज्ञानिक सोच का विकास करना ताकि वे ऐश्वर्यपूर्ण और समृद्धिशाली जीवन जी सकें, भी धर्म का ही भाग है। जब ज्ञान होगा तभी विद्यादान कर पाएँगे, जब धन कमाएँगे तभी जरूरतमंदों को मदद कर पाएँगे, जब शरीर स्वस्थ होगा तभी तप कर पाएँगे। अर्धशिक्षित, संकीर्ण सोचवाले, कौशलविहीन, अंधविश्वास में डूबे लोगों के धर्मरथ का अभ्युदय (सांसारिक समृद्धि) रूपी पहिया तो टूटा ही है, तब रथ चलेगा कैसे ? धर्म की सही व्याख्या ही देश का भविष्य उज्जवल कर सकती है। देश के विचारकों, धर्माचार्यों, साधु-संतों के कंधों पर इस दिशा में कुछ करने की बड़ी जिम्मेदारी है। (लेखक-ईएमएस/ ओमप्रकाश श्रीवास्तव)

## आज का इतिहास 14 मार्च

1558 फर्डीनांड प्रथम रोम नरेश बने.
1689 शिवाजी के पुत्र संभाजी को औरंगजेब ने यातना देकर मार डाला.
1689 विलियम और मेरी इंग्लैंड के राजा-रानी घोषित किए गए.
1840 रोम में संविधान लागू हुआ.
1868 रूसी उपन्यासकार मैक्सिम गोकी का जन्म.
1879 प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का जन्म.
1917 चीन ने जर्मनी से राजनयिक संबंध तोड़ लिए.
1931 भारत की पहली सवाक फिल्म आलमआरा प्रदर्शन के लिए जारी की गई.
1973 अमरीका ने भारत और पाकिस्तान को हथियार बेचने पर रोक उठाई.
1988 ईरान ने एक दूसरे के शहरों पर प्रक्षेपास्त्र से हमले किए.
1990 श्रीमती अर्था पास्कल ट्राविल हैटी की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनी.
1991 कुवैत के अमीर सात माह बाद स्वदेश लौटे.
1992 तुर्की में भूकंप से चार हजार लोग मरे.
1997 कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीरेन्द्र पाटिल का निधन.
1998 सोनिया गांधी कांग्रेस की अध्यक्ष बनी.

## जग करिश्मा है मन की खुशी का

सोच जैसा बदलता है मन का
रंग वैसा ही दिखता गगन का
आदमी दास होता है मन का
राज चलता जगत में उसी का ।
प्रेम हो , पूजा हो या लडाई
पार करने हों पर्वत या खाई
द्वेष हो , हिंसा हो या सगाई
मन नहीं मानता है किसी का ।
मन कहाँ है जो धीरज ये धरता
सोचता जैसा वैसा ही करता
जाल फैलाता रहता है अपना
सब तमाशा तो है बस उसी का ।
मन कभी भी किसी से न हारा
करता रहता हमारा तुम्हारा
खोज लेता नये नित बहाने
जोर उस पर नहीं है किसी का ।
दुनियाँ को जब जहाँ जो मिला है ।
मन ने ही जीता वो हर किला है ।
चल रहा युगो से ये सिलसिला है
जग करिश्मा है मन की खुशी का ।
(लेखक- चित्र भूषण श्रीवास्तव विदाध / ईएमएस)

# खेल - समाचार

## महिला विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 141 रनों से हराया

वेलिंगटन (ईएमएस)। आईसीसी महिला विश्व कप क्रिकेट के अपने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान न्यूजीलैंड को 141 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिस पैरी, ताहिला मैकग्रा और एशले गार्डनर ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पैरी ने 68 और मैकग्रा ने 57 रन बनाये। जिसके बाद गार्डनर ने 18 गेंद में 48 रन की आतिशी पारी खेली। इस मैच में मेजबान कीवी टीम ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 269 रन बनाये।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान कीवी टीम 30.2 ओवर में 128 रनों पर ही आउट हो गयी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से डार्सी ब्राउन ने तीन विकेट लिए। वहीं अमांडा जेड वेलिंगटन और गार्डनर ने दो-दो विकेट लिए। इसके अलावा पैरी , मैकग्रा और मेगान तीनों ने एक-एक विकेट लिया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन मैचों में लगातार तीन जीत से छह अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गयी है। इस मैच में पहले बल्लेबाज करते हुए रशेल हेन्स 30 और हीली 15 ने दस ओवर में 37 रन बनाये। इसके बाद हीली 15 और कप्तान मेग लैनिंग 5 रनों पर ही आउट हो गये। पैरी और बेथ मूनी 30 ने इसके बाद चौथे विकेट के लिये 57 रन बनाये। मूनी के आउट होने के बाद पैरी की जोड़ी मैकग्रा के साथ बनी। दोनों ने 90 रन की भागीदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 200 रनों के पार कराया।

पैरी ने अपनी पारी के दौरान एक छक्का और छह चौके जबकि मैकग्रा ने आठ चौके लगाए। इन दोनों के आउट होने के बाद गार्डनर ने तेजी से रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 250 रनों के ऊपर पहुंचाया। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से ली ताहुहू ने 53 रन देकर तीन विकेट लिए। ।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। एमी सैटर्थवेट 44 और ताहुहू 23 के अलावा उसकी अन्य बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायीं। एमी और ताहुहू के अलावा कैटे मार्टिन 19 और सूजी बेट्स 16 ही दो अंकों में पहुंच पायीं।

## सचिन , सहवाग के क्लब में शामिल हुए अय्यर

बेंगलुरू (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में बनाये 92 रनों की अपनी पारी की बदौलत एक विशिष्ट क्लब में जगह बनायी है। अय्यर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बाद 90 के स्कोर पर स्टंप आउट होने वाले चौथे बल्लेबाज बने हैं।

साल 2001 में इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच के दौरान सचिन 90 रन पर स्टंप हुए थे। वहीं सहवाग श्रीलंका के खिलाफ साल 2010 में खेले गये कोलंबो टेस्ट में 99 रन पर आउट हुए थे। इस सूची में पहले नंबर पर दिग्गज बल्लेबाज दिलीप वेंगसरकर थे जिन्होंने साल 1987 में पाकिस्तान के खिलाफ चेन्नई टेस्ट मैच के दौरान 96 रन बनाये थे।

## मेदवेदेव बीएनपी परीबस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे

नडाल को जीत के लिए बहाना पड़ा पसीना

इंडियन वेल्स (ईएमएस)। विश्व रैंकिंग में नंबर खिलाड़ी बनने के बाद रुस के दानिल मेदवेदेव ने अपने पहले ही टूर्नामेंट बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में टॉमस मैकहैक को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं स्पेन के स्टार खिलाड़ी राफेल नडाल को जीत के लिए जमकर संघर्ष करना पड़ा। नडाल ने करीब ढाई घंटे तक चले कड़े मुकाबले के बाद सेबेस्टियन कोर्डा को 6-2, 1-6, 7-6 से हराया। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में रिकॉर्ड 21वां खिताब जीतने वाले नडाल ने मेलबर्न और मेक्सिको में भी खिताब जीते हैं और अब वह यहां इंडियन वेल्स में चौथी ट्रॉफी हासिल करने के प्रयास कर रहे हैं। वहीं इसके अलावा कैस्पर रूड, गत चैम्पियन कैमरन नौरी, रोबर्टो बतिस्ता अगुट, रेली ओपेल्का और कार्लोस अल्कारेज ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते हैं। दूसरी ओर महिला वर्ग में जैसमीन पाओलिनी ने दूसरे दौर में दूसरी वरीयत प्राप्त आर्यना सबालेंका को 6-3 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में गत चैम्पियन पाउला बाडोसा ने टेरेजा मार्टिनकोवा को 6-2 7-6 से शिकस्त दी।

## बोनर और होल्डर की साझेदारी से वेस्टइंडीज ने ड्रॉ कराया पहला टेस्ट

सेंट जोंस (ईएमएस)। इंग्लैंड और मेजबान टीम वेस्टइंडीज के बीच यहां पहला क्रिकेट टेस्ट मैच ड्रॉ रहा है। इस मैच में जीत के लिए मेजबान टीम वेस्टइंडीज को 70 ओवर में जीत के लिए 286 रनों का लक्ष्य मिला था। इसका पीछा करते हुए अंतिम दिन वेस्टइंडीज टीम खेल समाप्त होने के समय तक चार विकेट पर 147 रन ही बना पायी। बोनर 38 रन और होल्डर 37 रन बनाकर नाबाद रहे। इन दोनो ही खिलाड़ियों ने चार विकेट पर 67 रनों के स्कोर से पारी को आगे बढ़ाते हुए अपनी टीम को हार से बचाया। इससे पहले मेहमान टीम इंग्लैंड ने अंतिम दिन अपनी पारी घोषित कर दी थी। मेहमान टीम ने अंतिम दिन कप्तान जो रूट के 109 रनों की सहायता से दूसरी पारी लंच से पहले छह विकेट पर 349 रन पर घोषित कर दी थी। रुट ने इस पारी के दौरान अपना 24 वां शतक भी लगाया।

मेहमान टीम के स्पिनर जैक लीच ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी के तीन विकेट लिए 49वें ओवर में लीच की गेंद होल्डर के पैड पर लगी और उन्होंने अपील की पर इंग्लैंड ने रिव्यू नहीं लिया। इंग्लैंड ने अपना अंतिम रिव्यू 53वें ओवर में लिया जब लीच को लगा कि गेंद होल्डर के बल्ले का किनारा लेती हुई विकेटकीपर के पास गई पर यह रिव्यू भी बेकार गया।

58वें ओवर में बोनर को क्रेग ओवरटन की गेंद पर पगबाधा आउट किया गया पर बोनर ने रिव्यू लेने का फैसला किया। जिसके बाद अंपायर का फैसला बदल दिया गया और बोनर नाबाद रहे। इससे बोनर और होल्डर अंत तक डटे रहे दोनों ने 80 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों ने पहले पारी में भी 79 रन बनाये थे।

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के पहली पारी के 311 और छह विकेट पर 349 रन की घोषित दूसरी पारी के जवाब में 375 और चार विकेट पर 147 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में रुट के अलावा जैक क्रॉली ने भी शतक लगाया। क्रॉली ने 121 रन बनाए थे।

## आईएसएल में हैदराबाद एफसी ने बागान को हराया

बैम्बोलिन (ईएमएस)। हैदराबाद एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए एटीके मोहन बागान को हरा दिया। यह हैदराबाद की बागान पर पहली जीत है। हैदराबाद ने दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण में बागान को 3-1 से हराया। इस जीत के साथ ही टीम अब सेमीफाइनल के दूसरे मैच में बढ़े हुए मनोबल के साथ उतरेगी। इस हार के बाद इस सत्र में दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी पर आ गया है। इस सत्र के पहले मैच में दोनों ने ही 2-2 से ड्रा खेला था जबकि दूसरे मैच में बागान ने 2-1 से विजयी रहा था। इस मैच का पहला गोल 18वें मिनट में रॉय कृष्णा ने किया। इस प्रकार बगान को 1-0 की बढ़त मिल गयी। हाफ टाइम से पहले बार्थोलोम्यू ओग्बेचे ने एक गोल कर हैदराबाद को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। ओग्बेचे ने हैडर से एक गोल किया। ओग्बेचे का यह इस सत्र में 18वां गोल है और उन्होंने इसी के साथ ही कोरो के एक सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने के आईएसएल रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उनके अब कुल 53 गोल हो गए हैं, जो कि आईएसएल में सबसे ज्यादा गोल हैं। 58वें मिनट में मोहम्मद यासिर ने गोल करके हैदराबाद को 2-1 बढ़त दिला दी। 64वें मिनट में हावी सिवेरिओ ने हैडर से गोल करके हैदराबाद को 3-1 से आगे कर दिया।

## रूट इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

एंटीगुआ (ईएमएस)। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया है। इसी के साथ ही रुट इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। वहीं रूट पहली पारी में केवल 13 रन बना पाये थे। इस शतक के साथ ही रुट इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गये हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के 23 शतकों का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ा है। इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक शीर्ष पर हैं। कुक के नाम 33 शतक हैं जबकि रुट के नाम 24 और पीटरसन के नाम 23 शतकों का रिकार्ड है। वहीं दिग्गज खिलाड़ी वैली हेमंग के नाम 22 और माइकल कॉलिन काउड्रे के नाम 22 शतक हैं।

## सिंगापुर स्मैश में साथियान की जीत से शुरुआत

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान ने 20 लाख डॉलर इनामी सिंगापुर स्मैश 2022 टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की है। साथियान ने अपने शुरुआती मुकाबले में चीनी ताइपे के पेंग युव इन कोएन को 11-6, 8-11, 11-9, 11-8 से हराया। साथियान का सामना अब अगले दौर में विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी चीन के लिन गाओयुआन और दक्षिण कोरिया के 59वें नंबर के खिलाड़ी लिम जोंगहुन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता खिलाड़ी से होगा।

वहीं भारत की एक अन्य खिलाड़ी मनिका बत्रा पहले ही दौर में मो झेंग के खिलाफ हार के साथ ही बाहर हो गयीं। इसके अलावा भारत की ही मनिका को चीनी मूल की कनाडाई खिलाड़ी के खिलाफ पहला गेम जीतने के बाद भी 12-14, 12-10, 13-11, 11-8 से हार का सामना करना पड़ा।

# मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के करकमलों द्वारा वसंतोत्सव का होगा उद्घाटन

- खेल-कूद-युवा-सांस्कृतिक विभाग के राज्य मंत्री हर्ष संघवी रहेंगे उपस्थित

अहमदाबाद ( ईएमएस ) राजधानी के कला प्रेमी जिस का आतुरता पूर्वक इंतज़ार करते हैं, ऐसे गांधीनगर की पहचान बन चुके वंसतोत्सव का राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा खेल-कूद, युवा और सांस्कृतिक प्रवृति विभाग के राज्य मंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में 14 मार्, 2022 की सांय 7 बजे से आरंभ होगा। इस अवसर पर खेल-कूद, युवा तथा सांस्कृतिक विभाग के प्रधान सचिव श्री अश्विनी कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि वसंतोत्सव वर्ष 1996 से गांधीनगर स्थित संस्कृति कुंज में आयोजित होने वाला सांस्कृतिक लोकउत्सव है। इस उत्सव में देश और राज्य के विभिन्न प्रसिद्ध लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया जाता है। इसके उपरांत गुजरात की लुप्तप्रायः कला नट मंडली ( नट-बजाणीया ), बहुरूपी आदि लोक कला, उत्तर गुजरात के विभिन्न लोक नृत्य और लुप्त हो रहे वाद्य यंत्रो द्वारा संगीत प्रस्तुत किए जाते हैं। इस वर्ष वसंतोत्सव-2022 में भारत के 10 राज्यों द्वारा विभिन्न प्रसिद्ध सांस्कृतिक लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। जिसमें प्रथम पांच दिन राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर राज्य द्वारा और उसके बाद पाँच दिनों तक पंजाब, सिक्किम, असम, पश्चिम बंगाल और मणिपुर राज्य द्वारा अलग-अलग प्रसिद्ध क्षेत्रीय नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। गुजरात के प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य कलाकारों द्वारा गणेश वंदना, विभिन्न प्रसिद्ध ग्रुप द्वारा परंपरागत नृत्यों की प्रस्तुति, राज्य सरकार द्वारा आयोजित होने वाली नवरात्रि प्रतियोगिता में प्राचीन, आधुनिक गरबा और रास की स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय क्रम के विजेता वृंद द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही तूरी-बारोट समाज के मंडलों की ओर से लुप्त हो रही विभिन्न लोकनृत्य और आदिवासी ग्रुप द्वारा विभिन्न आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुति की जाएगी। इसके उपरांत प्रति दिन गुजराती लोक संगीत के रत्न समान गुजरात के सुप्रसिद्ध गायकों, कलाकारों द्वारा लोकगीत भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें 14 मार्च 2022 को वसंतोत्सव के प्रथम दिवस अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गुजराती लोक-संगीत के विख्यात कलाकार श्री ओसमाण मीर लोक-गीत प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के कारण उत्सव/मेलों का आयोजन नहीं हो पाया था, ऐसे में वसंतोत्सव-2022 राज्य के उत्सव प्रिय नागरिकों के लिए विशेष बन जाएगा। संस्कृति कुंज में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी देसी हाट की शैली में स्टॉल खड़े किए गए जाएंगे। इनमें हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा तैयार की गई कलात्मक चीज-वस्तुओं की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी। यहाँ से राजधानी के लोग अपनी मनपसंद लुप्तप्रायः कलात्मक वस्तुओं की ख़रीदारी करने के साथ खान-पान के बाज़ार में गुजरात के विभिन्न प्रांत के पकवान का लुत्फ़ उठा पाएंगे। इस बार वसंतोत्सव में पोर्ट्रेट रंगोली और रेत शिल्प के कलाकारों द्वारा प्रतिदिन नवीनतम विषय के साथ रेत शिल्प का सृजन किया जाएगा, जो राजधानी के कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। संस्कृति कुंज में आयोजित वसंतोत्सव में दोपहर 2 बजे प्रवेश दिया जाएगा, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। राज्य के खेल-कूद, युवा और सांस्कृतिक विभाग के मार्गदर्शन और युवा सेवा सांस्कृतिक विभाग के आयुक्त कार्यालय के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ( उदयपुर ) का भी सहयोग है।

## गुजरात में कर मुक्त हुई बोलीवुड की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'

अहमदाबाद ( ईएमएस ) फिल्म मेकर विवेक अग्निहोत्री निर्देशित फिल्म 'द कश्मीर फाइल' गुजरात सरकार ने टैक्स फ्री कर दिया हैं मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी दीं विवेक अग्निहोत्री लिखित और निर्देशित 'द कश्मीर फाइल्स' में मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी, भाषा सुंबली और चिन्मय मंडलेकर ने शानदार अभिनय किया हैं इस फिल्म को दर्शकों से ढेर सारा प्यार मिल रहा हैं सोशल मीडिया पर कई ऐसे फोटे-वीडियोज सामने आ रहे हैं, जहां दर्शक फिल्म की तारीफ करते नहीं थक रहें फिल्म को क्रिटिक्स से भी खूब वाहवाही मिल रही हैं फिल्म की रिलीज के पहले से ही इसे कर मुक्त किए जाने की मांग की जा रही थीं पहले हरियाणा और अब गुजरात और मध्य प्रदेश में इस फिल्म को कर मुक्त कर दिया गया हैं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने 'द कश्मीर फाइल्स' टैक्स फ्री किए जाने की जानकारी दीं

### प्रदेश अध्यक्ष सीआर. पाटिल ने डिजाइन की है निश्चित

# मोदी के रोड शो में पहनी जाने वाली नारंगी टोपी सूरत में बनी है

### सूरत के लक्ष्मीपति मील में तैयार की गई है यह टोपी कोटन कपड़ा पर तैयार की गई टोपी में भाजपा लिखा गया है

सूरत, १३ मार्च ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने २ दिन के गुजरात दौरे के दौरान तीन रोड शो किए । इस दौरान पीएम मोदी ने विभिन्न कार्यक्रम में मौजूद हुए । पीएम मोदी के कार्यक्रम में नारंगी टोपी आकर्षण का केंद्र बनी थी । नेताओं से लेकर सभी कार्यकर्ता यह टोपी पहने हुए देखने को मिले । अब यह टोपी मामले में विशेष जानकारी सामने आई है । यह टोपी सूरत के लोकप्रिय टेक्सटाइल ग्रुप लक्ष्मीपति मील द्वारा बनाई गई है । यह टोपी की डिजाइन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर. पाटिल ने निश्चित की है । यह टोपी को कोटन के कपड़े से तैयार की गई है । जिस पर भरतकाम की गई पट्टी से गुजराती में भाजपा लिखा गया है । इसके साथ ही प्लास्टिक के मटीरियल के साथ कमल भी खींचा गया है । इसके साथ ही टोपी को किसी भी तरफ से पहने तो भाजपा स्पष्ट पढ़ा जा सकता है । पार्टी के आदेश के बाद यह मील में ७ हजार टोपी तैयार की गई है । विधानसभा के चुनाव में भी यह टोपी आकर्षण का केंद्र बन सकती है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में सबसे ज्यादा आकर्षण की बात भाजपा की नारंगी कलर की टोपी है । अभी तक सभी कार्यकर्ता खेस पहनते देखने को मिलते थे । लेकिन पहलीबार एक नारंगी टोपी ने आकर्षण जमाया । पीएम मोदी के रोड शो में उन्होंने पहनी हुई टोपी की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है । यह नारंगी कलर की टोपी में भाजपा लिखा हुआ है ।

अहमदाबाद में पिछले दो दिन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विभिन्न कार्यक्रम थे । यह कार्यक्रम के दौरान विशाल रैली का भी आयोजन किया गया । हालांकि इस रैली में सभी का आकर्षण केंद्र नारंगी टोपी बनी थी । यह टोपी गुजरात के ही टेक्सटाइल हब माने जाते सूरत शहर में तैयार की गई है। सूरत की लोकप्रिय टेक्सटाइल ग्रुप लक्ष्मीपति मील में यह टोपी तैयार की गई है । आश्चर्य की बात है यह है कि यह टोपी की डिजाइन करने के लिए पीछे दूसरा कोई फेशन डिजाइनर नहीं लेकिन प्रदेश अध्यक्ष सीआर. पाटिल का हाथ है ।

# पति अन्य युवती के साथ माउंट आबू घूमकर आया

अहमदाबाद, १३ मार्च ।

अभी के समय में वैवाहिक रिश्ता रखना सामान्य बात हो गई है । वैवाहिक रिश्तों से पति-पत्नी के बीच के संसार में दरार पड़ती है । समाज में ऐसे कई मामले अक्सर होते रहते हैं और सामने आते रहते हैं । अब ऐसा ही एक मामला अहमदाबाद में हुआ था । यहां एक पति माउंट आबू घूमने गया था । हालांकि, घर पर आने पर पत्नी ने मोबाइल फोन चेक करने पर पति के फोन में अन्य युवती की फोटो थी । पति के फोन में अन्य युवती की फोटो देखने पर पत्नी के पैर नीचे से जमीन खिसक गई थी और इस मामले पति को पूछने पर पति नाराज हो गया और पत्नी को लकड़ी और पट्टे से पीटा था । हालांकि, इस मामले में महिला ने बावला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी । मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने बावला पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई शिकायत के अनुसार वर्ष २०१४ में २८ वर्षीय सोनल की शादी महेश के साथ हुई थी । दोनों का सुखी संसार चल रहा था लेकिन पिछले २ वर्ष से दंपत्ति अपने वैवाहिक जीवन से खुश नहीं थी । इसका कारण यह था कि २ वर्ष से महेश को अन्य किसी महिला के साथ प्रेम हो गया था । जिसकी वजह से वह पत्नी के साथ बारबार झगड़ा करता था । इस दौरान महेश २४ सितंबर २०२१ को दो दिन के लिए माउंट आबू घूमने गया था । महेश जबकि माउंटआबू से वापस आया तब सोनल को पति के फोन में से प्रेमिका के साथ फोटो देखने को मिला । जिसकी वजह से यह मामले में उसने पूछने पर महेश ने पट्टा और लकड़ी के द्वारा इसे पीटा था और गला पकड़ लिया था । डर गई सोनल ने सास - ससुर को फोन करके वहां बुलाने पर सास ने एक बार उसके बेटे को जाने देने के लिए कहा था । इसके दो दिन बाद महेश ने तलाक लेने की बात करने पर दोनों ने शादी तलाक का करार स्टेम्प पर किया था । शादी तलाक का करार स्टेम्प पर करने के बाद दोनों अपने रिश्ते सुधारने चाहते होने से ३ महीना जितना समय से साथ में रहते थे । लेकिन इसके बाद अचानक महेश सोनल को छोड़कर चला गया ।

# पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल-हापा दुरंतो सुपरफास्ट एक्सप्रेस बहाल

- 09193/94 सूरत-मडगांव विशेष ट्रेन में सात अतिरिक्त डिब्बे

- 09005/09006 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन को अंधेरी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

अहमदाबाद ( ईएमएस ) यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्याक 12267/12268 मुंबई सेंट्रल-हापा सुपरफास्ट एक्सप्रेस ( पूर्णतः आरक्षित ट्रेन ) को बहाल करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, यात्रियों की सुविधा तथा त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त ) संख्या को देखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 09193/94 सूरत-मडगांव स्पेशल ट्रेन में सात अतिरिक्त डिब्बे जोड़ने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उपरोक्त ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

☐ ट्रेन संख्या 12267/12268 मुंबई सेंट्रल-हापा दुरंतो सुपरफास्ट ट्रेन ( प्रतिदिन )

ट्रेन संख्या 12267 मुंबई सेंट्रल - हापा दुरंतो एक्सप्रेस प्रतिदिन मुंबई सेंट्रल से 23:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:45 बजे हापा पहुंचेगी। यह ट्रेन 16 मार्च, 2022 से अगली सूचना तक चलेगी।

इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 12268 हापा-मुंबई सेंट्रल दुरंतो एक्सप्रेस प्रतिदिन हापा से 19:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08:00 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 17 मार्च, 2022 से अगली सूचना तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में अहमदाबाद, सुरेंद्रनगर एवं राजकोट स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी फर्स्ट क्लास, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर और एसी 3-टियर इकोनॉमी कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 12267 एवं 12268 की बुकिंग 14 मार्च, 2022 से 120 दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि के साथ पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी।

ट्रेन संख्या 09193/94 सूरत-मडगांव विशेष ट्रेन में अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जायेंगे

ट्रेन संख्या 09193/09194 सूरत-मडगांव विशेष ट्रेन में एक अतिरिक्त एसी फर्स्ट क्लास एवं दो - दो एसी 3-टियर, शयनयान श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे जोड़े गए हैं। एसी प्रथम श्रेणी के कोच की बुकिंग 13 मार्च, 2022 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी।

ट्रेन नंबर 09005/09006 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का अंधेरी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

ट्रेन संख्या 09005/09006 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन को अंधेरी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। ट्रेन संख्या 09005 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का अंधेरी स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान समय क्रमशः 22.00/22.02 बजे, जबकि ट्रेन संख्या 09006 भावनगर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का आगमन और प्रस्थान समय क्रमशः 12.20/12.22 बजे होगा।

ट्रेनों के परिचालन समय, ठहराव और संरचना से सम्बंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री .ahल्कि.गrईईगtुदन.गह पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों से बोर्डिंग, यात्रा और गंतव्य के दौरान कोविड-19 से सम्बंधित सभी मानदंडों तथा एसओपी का पालन करने का अनुरोध किया गया है।

### सरकार ने १६८ करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी

# शहर के बोपल -घुमा से पानी की समस्या दूर हो जाएगी

### स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने मंजूरी दी है

गांधीनगर, १३ मार्च ।

मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद महानगरपालिका में पीने के पानी वितरण के लिए १६८.७३ करोड़ रुपये के कार्यों को मंजूरी देकर नल से जल कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद महानगरपालिका में पीने के पानी वितरण के लिए १६८.७३ रुपये के कामों को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है । स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत भूपेन्द्र पटेल ने मंजूरी दी है । जासपूर वोटर ट्रीटमेंट प्लांट के कम्पाउंड में पंप हाउस के साथ नया २०० एमएलडी वोटर ट्रीटमेंट प्लान्ट करीब ८५.६४ करोड़ रुपये के खर्च से बनाया जाएगा । जासपूर वोटर ट्रीटमेंट प्लांट से एसपी रिंगरोड -वैष्णोदेवी सर्कल तक २५०० मीमी. व्यास की एमएस पाइपलाइन डालने के लिए ८३.०९ करोड़ के कार्यों शुरू किया जाएगा । उत्तर-पश्चिम जोन-दक्षिण पश्चिम जोन-चांदखेडा-मोटेरा- साबरमती क्षेत्रों को जासपूर के वर्तमान ४०० एमएलडी क्षमता के वोटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी दिया जाता है । अब जासपूर प्लांट के कमांड क्षेत्र के बोपल -घुमा नगरपालिका सहित के नये शामिल क्षेत्रों को पानी देने का महापालिका का आयोजन किया गया है । आगामी २०४५ के अनुमानित आबादी की करीब १०,२२७ एमएलडी पानी जरूरत को ध्यान में रखकर महानगरपालिका ने किए सूचित आयोजन को मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने अहमदाबाद महानगरपालिका में पीने के पानी के वितरण कार्यों के लिए १६८.७३ करोड़ रुपये के कार्यों को स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत सैद्धांतिक मंजूरी दी है । अहमदाबाद महानगरपालिका ने नल से जल कार्यक्रम को लेकर पीने के पानी के वितरण कार्यों के लिए जासपुर वोटर ट्रीटमेंट प्लांट के कम्पाउंड में ओगमेन्टेशन करके नये कार्यों को शुरू करने का आयोजन किया है ।

# पीएम मोदी ने देश की रक्षा, अर्थव्यवस्था और भारत को दुनिया में आगे रखने का प्रयास किया : अमित शाह

- केन्द्रीय गृह मंत्री ने सूरत में सुमुल डेयरी की विभिन्न योजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास किया

सूरत ( ईएमएस ) केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के सूरत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर चीज को एक नए नजरिए से देखने की कोशिश की है और आजादी के अमृत महोत्सव का वर्ष देश के संकल्प के वर्ष के रूप में मनाने का प्रयास किया हैं देश के हर क्षेत्र में आजादी के 100 होने पर देश कहां होगा, यह संकल्प लेने का साल है और पीएम मोदी ने 130 करोड़ लोगों से आजादी के अमृत महोत्सव के वर्ष को संकल्प के वर्ष के रूप में मनाने का आह्वान किया हैं पीएम मोदी ने हर क्षेत्र में चाहे देश की रक्षा की बात हो या अर्थव्यवस्था को गति देने की, भारत को दुनिया में सबसे आगे रखने का प्रयास किया हैं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सूरत में सुमुल डेयरी की विभिन्न योजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थें इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री दर्शना जरदोश और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी उपस्थित रहें केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज दक्षिण गुजरात के तापी जिले में एक ऐतिहासिक सहयोग सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति और उनका उत्साह इस बात का प्रमाण है कि गुजरात में सहकारी संरचना कितनी मजबूत है। अमित शाह ने कहा कि यह देश की आजादी के अमृत महोत्सव का वर्ष है। भारत की आजादी के 75 साल बीत चुके हैं और आजादी का 75वां साल किसी भी देश के लिए बेहद अहम होता है। हमारे देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर चीज को एक नए नज़रिए से देखने की कोशिश की है। आज़ादी के अमृत महोत्सव का वर्ष देश के संकल्प के वर्ष के रूप में मनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि देश के हर क्षेत्र में आजादी के 100 साल होने पर देश कहां होगा, ये संकल्प लेने का साल है। देश के प्रधानमंत्री ने 130 करोड़ लोगों से आज़ादी के अमृत महोत्सव के वर्ष को संकल्प के वर्ष के रूप में मनाने का आह्वान किया है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में, चाहे देश की रक्षा की बात हो या देश की अर्थव्यवस्था को गति देने की बात हो, भारत को दुनिया में सबसे आगे रखने का प्रयास किया है। चाहे नई शिक्षा नीति लाने के लिए आमूलचूल परिवर्तन हो, देश के छोटे व्यवसायों को समृद्ध करना हो, स्वयं सहायता समूहों को समृद्ध करना हो और प्रत्येक नागरिक को समृद्ध बनाने का प्रयास हो, देश के युवाओं को विश्व मंच पर स्थापित करना हो। हमारा लक्ष्य सभी सहकारी आंदोलनों के कार्यकर्ताओं के लिए सहकारी आंदोलन को मजबूत करना और इसे आज़ादी के 100वें वर्ष में दुनिया का सबसे मजबूत सहकारी आंदोलन बनाना है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि 71 साल पहले शुरू हुई सुमुल की यात्रा 200 लीटर से शुरू होकर आज 20 लाख लीटर तक पहुंच गई है जिसमें दुग्ध उत्पादक आदिवासी भाईयों, बहनों का बहुत बड़ा योगदान है। आज आदिवासी बहनों की मेहनत और लगन से रोजाना सात करोड़ रुपये का दूध बिकता है और ढाई लाख सदस्यों के बैंक खातों में सीधे सात करोड़ रुपये पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। कौन सोच सकता है कि एक-दो एकड़ में खेती करने वाली आदिवासी बहन के बैंक खाते में रोज पैसे जमा होते हैं। ये सहकारिता के सिद्धांत का चमत्कार है, सहकारिता आन्दोलन का चमत्कार है। यह एक सहकारी प्रणाली का चमत्कार है जो गुजरात में और अमूल के तत्वाधान में, त्रिभुवन पटेल जी के पुरुषार्थ और पराक्रम से खड़ी हुई व्यवस्था का चमत्कार है। अमित शाह ने कहा कि देश की आज़ादी के 75वें वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की है। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014 में कहा था कि 2022 में आजादी की 75वीं वर्षगांठ होगी और 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है। आज मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि उस दिशा में प्रधानमंत्री ने बहुत कुछ किया है। कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी दिल्ली से हर साल देश के 13 करोड़ किसानों के बैंक खातों में सीधे 6,000 रुपये भेजते हैं और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सहकारिता मंत्रालय के कारण प्राथमिक कृषि सोसायटियां, दुग्ध उत्पादक संघ, एपीएमसी, मछुआरे भाइयों के संघ, श्रमिक संघ, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लघु औद्योगिक संघ आदि और मज़बूत हुए हैं। नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने का काम किया है।

### गुजरात कांग्रेस के विधायकों का राहुल गांधी को पत्र

# कांग्रेस के २० विधायक राहुल गांधी से मिलना चाहते है

### भाजपा ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है कांग्रेस भी एक्टिव होने का प्रयास शुरू किए जाने का माना जा रहा है

अहमदाबाद, १३ मार्च ।

पांच राज्यों के चुनाव के हाल में आये परिणामों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है । अब कांग्रेस की सरकार देश में सिर्फ राजस्थान और छत्तीसगढ में ही रही है । ऐसे में गुजरात में निकट के समय में आ रहे चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर देने की चर्चा के बीच कांग्रेस भी एक्टिव होने का प्रयास शुरू किए जाने का माना जा रहा है । गुजरात कांग्रेस के विधायकों में सीजे चावडा, किरीट पटेल, ललित कगथरा, रघु देसाई, चंदनजी ठाकोर, बलदेवजी ठाकोर सहित के २० विधायकों ने राहुल गांधी को मिलने के लिए समय मांगने की जानकारी सामने आ रही है । यह विधायकों ने राहुल गांधी को संयुक्त रूप से पत्र लिखकर मिलने के लिए समय मांगा है । द्वारका में आयोजित हुए शिविर के दौरान यह विधायकों ने राहुल गांधी को मिलकर अपनी बात को पेश नहीं कर सके होने से वह उनको मिलना चाहते है ऐसी चर्चा हो रही है । इसके अलावा स्थानीय कांग्रेस को होते नुकसान होने का पेशकश करे ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है । भाजपा ने चार राज्यों में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परिणाम के दूसरे ही दिन गुजरात दौरे पर आये थे, इस दौरान उन्होंने १० किलोमीटर से लंबा रोड शो किया था । यह रोड शो और उनके विभिन्न कार्यक्रमों को आगामी चुनाव के साथ जोड़ा जा रहा है । हालांकि भाजपा ने कमलम में हुई बैठक को चुनावलक्षी होने से इनकार कर दिया । अब यह सभी मामलों के बीच कांग्रेस भी एक्टिव होने की रिपोर्ट वायरल हुई है । स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस के विधायकों की टीम राहुल गांधी को मिलकर अपने मन की बात करना चाहते हैं । यह दौरान आगामी चुनाव, कांग्रेस की रणनीति, हाल की पार्टी की राज्य में स्थिति, भाजपा की तैयारियां और अपने निजी प्रश्नों आदि की पेशकश किया जा सकता है । महत्व का है कि ३७ वर्ष के बाद जयराजसिंह परमार ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा में शामिल हुए और हाल के विधायकों में नाराजगी सहित के मुद्दे की भी पेशकश करने की संभावना है ।

# गांधीनगर में चलकर जाते लोगों को अमेरिका जैसी सुविधा

अहमदाबाद, १३ मार्च ।

स्मार्ट सिटी गांधीनगर को ज्यादा स्मार्ट बनाने का और एक प्रयास प्रशासन द्वारा किया गया है । जिसमें विदेशों में देखने को मिलती एक सुविधा शामिल की गई है । यहां चलकर जाते राहगीरों के लिए ट्रैफिक को रोककर सुरक्षित रास्ता क्रॉस करने के लिए सुविधा की गई है । जिसमें च-० सर्कल से इंदिरा ब्रिज तक के १३ किलोमीटर लंबे मार्ग पर पैदल जाते राहगीरों के लिए रोड क्रॉस करने के लिए सुविधा दी गई है । गुजरात का सबसे ज्यादा असुरक्षित मार्गों में से एक माना जाता यह रूट पर पैदल जाते राहगीरों की सुरक्षा के लिए २१ पेलिकन क्रॉसिंग बनाये गये है जहां केसरी बॉक्स पर काला बटन होगा जहां से चलकर रोड क्रॉस करने के इच्छुक राहगीरों के लिए यह बटन दबाकर ट्रैफिक को रोक सकेंगे और सुरक्षित रूप से रास्ता क्रॉस कर सकते हैं । मार्ग और मकान विभाग के एक सीनियर अधिकारी ने इस मामले में बताया है कि इंटेलीजन्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम सीधे तरीके से अनुकूल सिग्नल नियंत्रण के साथ जुड़ी हुई बात है इसे पेलिकन के तौर पर जाना जाता है । उन्होंने इस मामले में आगे बताया है कि, जबकि कोई चलकर जाता व्यक्ति बटन दबाता है तो ट्रैफिक सिग्नल की लाइट लाल हो जाती है । यहां कैमरा भी लगाया गया है जो कि वाहनों की गति और पैदल जाते राहगीरों की गतिविधि पर नजर रखता है । इसके अलावा दुर्घटना और सिग्नल के नियमों का पालन नहीं करते वाहनों के नंबरों की जानकारी रखी जाएगी । यदि वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक के नियम का भंग किया जाएगा तो इस मामले में कमांड सेंटर को जानकारी मिलेगी । इस मामले में अधिकारी ने आगे बताया है कि, नियमों का भंग करने वाले वाहन चालकों को पहचानकर उनको आगे के जंक्शन पुलिस द्वारा रोका जाएगा । यह प्रोजेक्ट की डेडलाइन पिछले वर्ष के दिसंबर महीने की थी । हालांकि, अब बाकी रहा काम आगामी २५ दिन में पूरा करने की डेडलाइन रखी गई है ।

### जश्न होने की वजह से प्रशासन ने तैयारियां शुरू की

# यात्राधाम द्वारिका दो वर्ष के बाद फुलडोल उत्सव का आयोजन

द्वारिका, १३ मार्च ।

भगवान श्रीकृष्ण के धाम द्वारिका में होली-फुलडोल का अलग ही महत्व होता है । बड़ी संख्या में भक्त यहां भगवान श्रीकृष्ण संग फुलडोल के विशेष दर्शन करने तथा भगवान संग धुलेटी खेलने के लिए दूर दूर से पैदल आते है । अब भक्तों के दर्शन में कोई कमी नहीं रह जाए इस उद्देश्य से प्रशासन तथा मंदिर व्यवस्थापन समिति द्वारा फुलडोल उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है । १८ तारीख को मंदिर में फुलडोल उत्सव आयोजित किया जाएगा । यहां उल्लेखनीय है कि, कोरोना काल बाद इस वर्ष में द्वारिका में दो वर्ष के बाद फुलडोल उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है । अब भक्तों की भीड़ बढ़ने की संभावना होने की वजह से पैदलयात्री भी बहुत ही दूर दूर से आ रहे हैं । इसी वजह से द्वारिका में दर्शन के लिए भीड़ नहीं हो कोई अव्यवस्था नहीं हो और यात्रियों को परेशानी नहीं हो इसके लिए मंडपों और बेरीकेट रखा गया है । अलग पार्किगं जोन बनाया गया है । इतना ही नहीं पैदल यात्रा आते यात्रियों को रास्ते पर परेशानी नहीं हो इस उद्देश्य से वन रोड जारी किया गया है । हाईवे पर कोई दुर्घटना नहीं हो इसके लिए वाहनों की स्पीड लिमिट भी प्रशासन द्वारा निश्चित किया गया है । होली और फुलडोल उत्सव को ध्यान में रखकर द्वारिका के जगत मंदिर में दर्शन के समय में बदलाव किया गया है । जिसमें होली के त्यौहार पर सुबह में ६ बजे मंगला आरती होगी । सुबह में ६ से दोपहर के १ बजे तक नित्यक्रम के अनुसार दर्शन होगा ।

दोपहर में १ से शाम को ५ बजे तक मंदिर बंद होगा । शाम को ५ बजे से नित्यक्रम के अनुसार दर्शन किया जा सकेगा । १८ मार्च को फुलडोल उत्सव को मनाया जाएगा । फुलडोल पर्व पर सुबह में ६ बजे मंगला आरती होगी । सुबह में ६ से दोपहर के १ बजे तक नित्यक्रम के अनुसार दर्शन । दोपहर के १ से १:३० बजे तक मंदिर बंद रहेगा । दोपहर के डढ़ बजे विशेष उत्सव आरती होगी । दोपहर में १:३० से साढ़े ३ बजे तक फुलडोल उत्सव दर्शन होगा ।

# गुजरात के 4 कॉर्पोरेशन और 27 जिले में 24 घंटों में कोरोना का एक भी नया केस नहीं

अहमदाबाद ( ईएमएस ) गुजरात धीरे धीरे कोरोना मुक्त हो रहा हैं रविवार को राज्य के 27 जिले और 4 महानगर पालिकाओं में कोरोना का एक भी मरीज नहीं मिलां 37 नए मामलों में सबसे अधिक 13 मामले अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में दर्ज हुएं वडोदरा कॉर्पोरेशन में 10, तापी में 3, वडोदरा में 3, मोरबी में 2, सूरत कॉर्पोरेशन में 2, अहमदाबाद, डांग, गांधीनगर कॉर्पोरेशन और नवसारी में 1-1 केस दर्ज हुआं जबकि 60 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गयां राज्य के 23 जिलों में कोरोना का एक भी एक्टिव केस नहीं हैं राज्य में फिलहाल 537 सक्रिय मरीजों में 531 स्टेबल हैं और 6 वेन्टीलेटर पर हैं अब तक 1212124 लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 10938 नागरिकों की कोरोना से मौत हो चुकी हैं राज्य में कोरोना से स्वस्थ होने का दर 99.06 प्रतिशत हैं दूसरी ओर राज्य में आज 15923 लोगों का टीकाकरण किया गयां 18 वर्ष से अधिक आयु के 1709 को पहला और 8434 को दूसरा टीका दिया गयां 15 से 18 वर्षीय 181 किशोरों को पहली और 2735 को दूसरी वैक्सीन लगाई गईं जबकि 2864 नागरिकों को प्रीकॉशन डोज दिया गयां राज्य में अब तक 10 करोड़ 39 लाख 73 हजार 990 नागरिकों को वैक्सीनेट किया जा चुका हैं


पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल - हापा दूरंतो सुपरफास्ट एक्सप्रेस की बहाली

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | आरंभिक तिथि | सेवा के दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|---|
| 12267 | मुंबई सेंट्रल - हापा | 16.03.2022 (अगली सूचना मिलने तक) | दैनिक | 23.10 बजे | 11.45 बजे (अगले दिन) |
| 12268 | हापा – मुंबई सेंट्रल | 17.03.2022 (अगली सूचना मिलने तक) | दैनिक | 19.40 बजे | 8.00 बजे (अगले दिन) |

ठहराव : अहमदाबाद, सुरेंद्रनगर तथा राजकोट स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में.

संयोजन : एसी प्रथम श्रेणी, एसी – 2 टीयर, एसी – 3 टीयर और एसी 3- टीयर इकॉनमी कोचेज.

ठहराव संबंधी समय-सारिणी की विस्तृत जानकारी के लिये यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें. यात्रियों से अनुरोध किया जाता है कि वे गाड़ी में चढ़ने, यात्रा के दौरान और गंतव्य पर उतरते समय कोविड – 19 से संबंधित समस्त नियमों और एसओपी का अवश्य पालन करें.

गाड़ी क्र. 12267 और 12268 के लिये बुकिंग 14 मार्च, 2022 से पीआरएस काउंटर्स और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर 120 दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि के साथ शुरु होगी. उपरोक्त गाड़ियों को पूर्णतः आरक्षित गाड़ी के तौर पर संचालित किया जायेगा.

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: twitter.com/WesternRly

आज़ादी का अमृत महोत्सव

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिये पहचान प्रमाण साथ रखें.


मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोन: 079-22921482 Mob.9375504122 , 9327086467 R.N.I. 63177/95